# मेरे श्याम का बर्थडे आ गया | By Bharti Kumawat

मेरे श्याम का बर्थडे आ गया हम नाचेंगे जी भर के
मेरा खाटू वाला श्याम जप्ती दुनिया जिसका नाम
बधाई दे दो सारे मिलके
बाबा का जन्मदिन आ गया हम नाचेंगे जी भर के

माँ अहिलवती का लाला सुन्दर सा मुखड़ा प्यारा
इस मन में श्याम समाया तेरे दर पे जबसे आया
भक्तों के मन को भा गया हम नाचेंगे जी भर के
बाबा का जन्मदिन आ गया....................

कार्तिक की ग्यारस आई खाटू में रौनक छाई
बर्थडे का केक कटेगा भक्तों में आज बंटेगा
बच्चो को बांटने आ गया हम नाचेंगे जी भर के
बाबा का जन्मदिन आ गया....................

हमने दरबार सजाया खाटू का राजा आया
ऐसा उपहार मिला है मेरे दिल का फूल खिला है
इस मन में श्याम समा गया हम नाचेंगे जी भर के
बाबा का जन्मदिन आ गया....................

सब बांटो मिलके बधाई खुशियां ही खुशियां छाई
अविनाश ने जो भी पाया बाबा सब तेरी माया
हारे का साथी आ गया हम नाचेंगे जी भर के
बाबा का जन्मदिन आ गया....................

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%ac%e0%a4%b0%e0%a5%8d%e0%a4%a5%e0%a4%a1%e0%a5%87-%e0%a4%86-%e0%a4%97%e0%a4%af%e0%a4%be-by/